स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 04.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर श्री देवेन्द्र यादव से भेंटकर लगातार क्षेत्र के नागारिकों के द्वारा कुत्ते एवं सुअर के आतंक से बचाये जाने का अनुरोध किया गया था। वार्ड नागरिकों के द्वारा श्री यादव से शिकायत की थी कि यहां पर आवारा कुत्ते एवं सुअर के द्वारा गंदगी फैलाने एवं इस मार्ग से गुजरने वाले व्यक्तिओं को काटने के लिए दौड़ते हैं जिससे आये दिन अप्रिय घटना होती रहती है। इसके बचाव किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निवेदन नागरिकों ने किया था, जिसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए निगम महापौर श्री यादव के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की समीक्षा बैठक अपने कक्ष में ली थी। बैठक के दौरान श्री यादव ने स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं मैदानी कर्मचारियों को क्षेत्र में बढ़ रहे आवारा पशुओं पर नियंत्रण किये जाने तथा क्षेत्र में बढ़ रहे आवारा कुत्ता एवं सुअर को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये थे।

नगर पालिक निगम, भिलाई के स्वास्थ्य विभाग का पुरा अमला आज जोन 03 मदर टेरेसा नगर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 संतोषीपारा में छापेमारी की कार्यवाही कर आवारा घुमते हुए पाये जाने वाले 16 सुअरों को पकड़ा गया। पकड़े गये सुअरों को जंगल में छोड़ा जायेगा।

आज इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य अमला की टीम ने विभिन्न स्थानों से पकड़े गये सुअर, हुडको क्वाटर सिद्धार्थ स्कूल के पीछे 05, हूडको क्वाटर सुलभ के पास 02, गौरवपथ बड़ा नाला के पास 04, हूडको क्वाटर तालाब पार के पास 02, कुल 16 सुअरों को पकड़ा गया।

निगम महापौर श्री यादव ने स्वयं स्थल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद दुर्गा प्रसाद, एमआईसी के सदस्य दीवाकर भारती, रिंकू राजेश प्रसाद, सहित निगम के स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक जावेद अली, सुपरवाईजर एवं ठेकेदार के कर्मचारी उपस्थित थे।

निगम महापौर श्री यादव ने स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि शहर में बढ़ रहे आवारा कुत्तों एवं सुअरों के आतंक से आम नागरिकों को बचाये जाने के संबंध में इन पशुओं के नियंत्रण किये जाने हेतु इस तरह के अभियान निरंतर चलाते रहें एवं प्रतिदिन ऐसे स्थान जहां पर कुत्ते एवं सुअर बहुतायात मात्रा में पाये जाते हैं ऐसे स्थानों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें।

जन सम्पर्क अधिकारी